## खबर संक्षेप



### 5 साल से फरार आरोपी को कानपुर से किया गिरफ्तार

**कटनी।** माधवनगर थाना की झिंझरी चौकी पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को उत्तर प्रदेश के कानपुर से पकड़ा है, जो पिछले 5 वर्षों से फरार था। पकड़े गए आरोपी परवेस कुरैसी पर हत्या, लूट और डकैती जैसे लगभग 35 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी 2025 की रात ग्राम पिपरौंध में स्कॉर्पियो कार MP 51 D 0187 में सवार तीन बदमाशों ने शुभम और दीपक जायसवाल पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। इस मामले में पुलिस ने धारा 109(1), 3(5) BNS के तहत केस दर्ज किया था। मामले के दो आरोपी, एजाद उर्फ भूरा और गोलू उर्फ बरकत, पहले ही पकड़े जा चुके थे, लेकिन मुख्य आरोपी परवेस कुरैसी फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में साइबर यूनिट की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई। सटीक सूचना मिलते ही झिंझरी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के भोगनीपुर (कानपुर) जिला अंतर्गत चौकी पुखरायाँ के पास घेराबंदी की और आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया। आरोपी परवेस कुरैसी (36 वर्ष), निवासी दमोह, एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ जबलपुर के गढ़ा व गोहलपुर और दमोह के कोतवाली थाने में निम्नलिखित धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### कृषि विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन 23 से

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में 23 एवं 24 फरवरी को कृषि विज्ञान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसके सफल आयोजन के लिए उप संचालक कृषि अरूणिमा सेन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कृषि विज्ञान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के व्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य दायित्व सौंपा है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इस कृषि विज्ञान मेला में एनएमएनएफ योजना में चयनित समस्त कृषि सखी एवं कृषकों और दुग्ध उत्पादक समितियों के सदस्यों, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के सदस्य कृषकों की की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। प्राकृतिक खेती, बी आर सी, कोदो-कुटकी चिरौंजी के स्टाल लगाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा सांची दुग्ध और स्व-सहायता समूह के उत्पादन का भी प्रदर्शन स्टाल लगाया जाय। किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी की जानकारी देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान मेला में उन्नत कृषि यंत्रों, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, बेलर, रिपर कंबाइन, हार्वेस्टर, ट्रेक्टर, राइस ट्रांस्पलांटर, स्ट्रारीपर आदि मशीनों प्रदर्शन किया जाएगा।

## कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपियों को भेजा जेल, कई पासबुक, एटीएम व सिम बरामद

# फर्जी खाते खोल लाखों का लेन देन, 3 जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जाली बैंक खाता खुलवाकर लाखों रूपये का लेन देन करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस को मिली है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के अनुसार गिरोह के सदस्यों द्वारा अपने परिचित के लोगों को पैसों का लालच देकर उनका खाता खुलवाकर खाते से संबंधित दस्तावेज जैसे पासबुक, एटीएम और सिम अपने पास रख लेते थे और उनमें लाखों का अवैध लेन-देन हो रहा था जिसके बारे में खाताधारक को कोई जानकारी नहीं लग पाती थी।

### भरोसे में लेकर धोखाधड़ी

पुलिस के अनुसार 17 फरवरी 26 को रबर फैक्ट्री रोड़ निवासी अभिषेक तोमर द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराई कि इसका दोस्त योगेश सिंह ठाकुर निवासी जालपा वार्ड कटनी हाल शिवाजी नगर गली नं. 02 ने करीब 15 दिन पहले मेरे पास आकर बोला कि मुझे अपने बिजनेस के लिए बैंक अकाउण्ट की जरूरत है, यदि तुम मुझे अपना अकाउण्ट दोगे तो उसके बदले हर माह तुम्हें 10-15 हजार रूपये देता रहूंगा। जो मैनें अपने दोस्त पर भरोसा करते हुए इलाहाबाद बैंक शाखा एन.के.जे. में अपना खाता खुलवाया। खाता खुलने के बाद योगेश सिंह ने मेरे खाते की पासबुक, एटीएम व एकाउण्ट से लिंक मोबाईल नंबर ले लिया। योगेश ने मुझे बोला कि मैं कोई गलत काम नहीं करूंगा खाते में केवल मेरे बिजनेस का पैसा आएगा जिससे तुम्हें भी कुछ आमदनी होती रहेगी। कुछ दिन बाद मुझे बैंक से जानकारी लगी कि मेरे खाते में कुछ ही दिनों में लाखों रूपये का लेन-देन हो रहा है। पैसा कहां से और कैसे आ रहा है ये बात मैंने अपने दोस्त योगेश से पूंछी तो वह बोला कि तुम खाते के लेन-देन से कोई मतलब नहीं रखो, मैं सब देख लूंगा। तब मुझे लगा कि योगेश सिंह ने मुझे विश्वास में लेकर मुझसे धोखाधड़ी की है।



फरियादी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं दिशा निर्देश प्राप्त किए गए। रिपोर्ट पर धारा 318(4), 319(2) बीएनएस का आरोपी योगेश सिंह ठाकुर के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपितों को ऐसा दबोचा

मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा आरोपी की पता तलाश करते हुए चंद घंटों में ही आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई। पकड़े गए आरोपी योगेश सिंह ठाकुर ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह अपने जान पहचान के लोगों को पैसों का लालच देकर अलग-अलग बैंकों में म्यूल एकाउण्ट खुलवाता है और खाते संबंधी दस्तावेज जैसे पासबुक, चैक बुक, एटीएम कार्ड और खाते में दर्ज मोबाईल नंबर की सिम को हर्ष नागवानी नि. गुरूनानक वार्ड कटनी, अग्नीज उर्फ सैम चंदनानी निवासी जयप्रकाश वार्ड कटनी एवं रजनी यादव निवासी गांधीगंज कटनी को दे देता है। जिसके एवज में प्रति खाते के हिसाब से मुझे कमीशन मिल जाता है।

### 3 दिन में 6.35 लाख का लेन देन

आरोपित द्वारा बताए गए अन्य आरोपियों हर्ष नागवानी, अग्नीज उर्फ सैम चंदनानी एवं रजनी यादव की पता तलाश की गई। जो आरोपी हर्ष नागवानी और अग्नीज उर्फ सैम चंदनानी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। पकड़े गए दोनों आरोपियों के द्वारा भी स्वयं म्यूल खाते खोलकर और योगेश सिंह से मिलने वाले म्यूल खातों को रजनी यादव निवासी गांधीगंज कटनी को देना बताया गया। आरोपिया रजनी यादव की पता तलाश जारी है। फरियादी अभिषेक तोमर के बैंक खाते के बारे में बैंक से जानकारी प्राप्त करने पर 03 दिनों में ही खाते में 6 लाख 35 हजार रू के लगभग संदिग्ध लेन-देन होना पाया गया है। अन्य खातों के बारे में भी संबंधित बैंकों से जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

1. योगेश सिंह ठाकुर पिता स्व. देवेन्द्र सिंह ठाकुर उम्र 31 वर्ष नि. जालपा वार्ड हाल शिवाजी नगर गली नं. 02
2. हर्ष नागवानी पिता राजल नागवानी उम्र 26 वर्ष नि. सब्जी मंडी गुरूनानक वार्ड कटनी
3. अग्निज उर्फ सैम चंदनानी पिता वरियल दास चंदनानी उम्र 32 वर्ष नि. जयप्रकाश वार्ड कुंदन मार्ग गली कटनी

### ये सामग्री की गई जब्त

तीनों आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग व्यक्तियों के बैंक खाते की 07 पासबुक, 07 एटीएम कार्ड व खाते से लिंक सिमकार्ड थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के द्वारा बताया गया कि मामले में 01 अन्य आरोपिया रजनी यादव को शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। मामले में किस प्रयोजन से खाते खुलवाए जा रहे थे और इनमें पैसा कहां से आ रहा था के संबंध में विवेचना जारी है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय, उनि. कुलदीप सिंह, प्र.आर. विरेन्द्र तिवारी, आर. अजय प्रताप सिंह, अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई, दिनेश सेन एवं विकास राय की अहम भूमिका रही।

*डिजिटल होगी जनगणना इसलिये तकनीकी दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाये*

# अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, सजगता व जिम्मेदारी से जनगणना कार्य करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्रामीण चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष तिवारी ने कहा कि जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है और इसे पूरी सजगता, सटीकता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाना चाहिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जनगणना कार्य सुचारू एवं समयबद्ध रूप से पूरा हो, इसके लिए सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस बार डिजिटल साधनों के उपयोग से



आंकड़े अधिक सटीक और पारदर्शी होंगे, इसलिए तकनीकी दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रशिक्षण में जनगणना की विस्तृत कार्ययोजना, समय-सीमा और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि जनगणना दो चरणों में सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं आवासीय इकाइयों की गणना की जाएगी, जबकि द्वितीय चरण फरवरी–मार्च 2027 में जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय-सीमा में ही कार्य पूर्ण किया जाएगा और किसी प्रकार के विस्तार का प्रावधान नहीं है।

चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जनगणना कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा सुपरवाइजर और प्रगणकों के चयन में तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारियों को प्राथमिकता दें।

प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि पहली बार जनगणना डिजिटल मोड में और स्व-गणना प्रक्रिया के साथ होगी। स्व-जनगणना पोर्टल (सेल्फ इन्यूमरेशन पोर्टल) एवं मोबाइल एप 'हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन्स ऐप' के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। साथ ही हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर (HLBC) वेब पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण ब्लॉकों का निर्माण तथा वेब आधारित प्रणाली से मॉनिटरिंग की जाएगी।

कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, सुपरवाइजर, फील्ड ट्रेनर्स एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को कराया गया योगाभ्यास



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के समन्वय से वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित होलिस्टिक वेल-बीइंग कैंपस कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग कटनी द्वारा गुरुवार को श्री कृष्ण दद्दा धाम वृद्धाश्रम में योग शिविर का आयोजन किया गया। 'रेगुलर योगा विथ आयुष' थीम के अनुरूप आयोजित इस शिविर में चिकित्सकों के परामर्श के आधार पर 22 वृद्धजनों को योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं हल्के व्यायाम का अभ्यास कराया गया। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना रहा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी क्रम में शुक्रवार 20 फरवरी को श्री बच्चन नायक वृद्धाश्रम में भी चिकित्सकों के परामर्श एवं योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया जाएगा। आयुष विभाग द्वारा नियमित रूप से ऐसे शिविर आयोजित कर वरिष्ठ जनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# श्री कृष्ण-रुक्मणि विवाहोत्सव में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

समीपस्थ ग्राम पंचायत खिरहनी स्थित बाबा हरिदास मंदिर में विश्व कल्याण की कामना को लेकर सप्ताह ज्ञान यज्ञ चल रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। जिसे बड़े धूमधाम से मनाया गया। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन गुरुवार को कथावाचक पंडित रमाकांत पौराणिक ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार



कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया।

### विवाह की झांकी ने मन मोहा, श्रद्धालु जमकर झूमें

भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठवें दिन गुरुवार को कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई।इस दौरान आओ सखी मेरी मुझे मेहंदी लगा दो, मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बना दो, आज मेरे श्याम की शादी है गीतों पर जमकर लोग नाचे।

कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,गणेश तिवारी, भागीरथ द्विवेदी, ब्रजेश दुबे, बी के दुबे, छप्पू दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

*मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स कमिश्नर कांफ्रेन्स के एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा*

# नवीन शिक्षा सत्र की तैयारियों करें प्रारंभ किसानों को सोलर पंप लगाने करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के विभिन्न एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक में रोजगार, उद्योग एवं निवेश, लोक सेवा प्रबंधन, सुशासन, कानून-व्यवस्था, ग्रामीण विकास, शिक्षा सहित अन्य विभागों की प्रगति पर चर्चा की गई।

कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, निगमायुक्त तपस्या परिहार, डीएफओ गर्वित गंगवार एवं अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा वर्चुअली जुड़े। साथ ही अन्य जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने लोक स्वास्थ्य



यांत्रिकी विभाग की "हर घर नल से जल" योजनाओं के शेष कार्य को मार्च माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान 1 अप्रैल से नए शिक्षा सत्र की तैयारियां पूर्ण करने, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं छात्रावास अप्रैल में प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। 3 से 6 वर्ष आयु के सभी बच्चों का आंगनवाड़ी में प्रवेश सुनिश्चित करने तथा 6 वर्ष तक के बच्चों के मानसिक विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग को समन्वित प्रयास करने को कहा गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से पूर्व सभी स्कूलों में बालिका शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

उद्योग प्रोत्साहन के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एमएसएमई सेक्टर विकसित करने, "एक जिला-एक उत्पाद" के अंतर्गत चयनित फसल को जीआई टैग दिलाने तथा उसकी मार्केटिंग-ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने के परिप्रेक्ष्य में कृषि क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने की बात कही गई।

पीएम गति शक्ति योजना के अंतर्गत किसानों को सोलर पंप लगाने हेतु प्रोत्साहित करने तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कानून-व्यवस्था की समीक्षा में संवेदनशील बस्तियों में सुरक्षा बलों एवं फायर ब्रिगेड की सुगम आवाजाही के लिए अतिक्रमण हटाने को कहा गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में संकल्प से समाधान अभियान, जनगणना कार्य एवं सड़क सुरक्षा की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

## आज से प्रारंभ हो रही कक्षा 5वी व 8वीं की परीक्षा, व्यवस्थाएं दुरूस्त

# 42 परीक्षा केंद्रों में 7 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

कक्षा पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी यानि आज शुक्रवार से शुरू हों जायेंगी। इसके लिए बहोरीबंद विकासखंड में 42 केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें करीब 7 हजार 357 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की तैयारियां शिक्षा विभाग के द्वारा की जा रही है और परीक्षा केन्द्रों पर फर्नीचर की व्यवस्था कराई जा रही, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी नहीं होगी। स्कूल से परीक्षा केन्द्र की दूरी कम हो इसका भी ध्यान रखा गया है। परीक्षा केन्द्र की दूरी पांच किमी तक रहेगी, जिससे जिससे विद्यार्थियों को परेशानी न हो।

एक जनशिक्षा केन्द्र में पांच केन्द्र बनाए गए हैं। यदि किसी केन्द्र



की दूरी ज्यादा होगी, तो बच्चों को केन्द्र तक पहुंचाने के लिए एक शिक्षक की ड्यूटी परिवहन व्यवस्था में लगाने के आदेश हैं। क्योंकि हर बच्चे को अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाना है। परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होगी और बच्चों को आधा घंटे पहले पहुंचना होगा। जनपद शिक्षा केन्द्र पर एक निगरानी दल का गठन भी किया गया है।

### ऑफलाइन आएंगे पेपर

बहोरीबंद जनपद शिक्षा केंद्र के बीएससी अमित पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष ऑफलाइन पेपर की व्यवस्था की गई है। कक्षा 5 व 8 वी का पहला प्रश्नपत्र हिंदी विषय का रहेगा। बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत इन दोनो कक्षाओं मै 7357 विद्यार्थी शामिल होंगे।

### यहां बनाए गए हैं केन्द्र

बहोरीबंद विकासखंड मै परीक्षा केन्द्र शासकीय प्राथमिक शाला कौडिया ,शासकीय माध्यमिक स्कूल जुझारी, चरगवाँ, बड़खेड़ा, देवरी, पथराडी पिपरिया,नैगवा, इमालिया, गुदरी, नीमखेड़ा, निमास, किरहाई पिपरिया,,राखी, कुआं, सुपेली, कूडन, पहाड़ीखेड़ा, ककरेहटा, हथियागढ़, पटोरी, पटना मढ़यिा मसंधा, बरतरा, किवलरहा व शासकीय हाई स्कूल मझगवाँ, रामपाटन,डिहुटा,पाकर, पौड़ी, खम्हरिया व शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल स्लीमनाबाद,धुरी, तेवरी,बंधी स्टेशन, बचैया,मॉडल बहोरीबंद ,उत्कृष्ट स्कूल बहोरीबंद, कूड़ा मर्दानगढ़, बाकल शामिल है।

### इनका कहना है

इस संबंध में बीआरसी बहोरीबंद प्रशांत मिश्रा ने बताया कि 5वीं व 8वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू 20 फ़रवरी शुक्रवार से शुरू हो जाएगी। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारी की जा रही है और सभी केन्द्र नियमानुसार व आसपास के स्कूलों की दूरी को देखते हुए बनाए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को परेशान न होना पड़ा।प्रयास यही है कि कोई भी बच्चा परीक्षा से वंचित न हो, सभी की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। परीक्षा को लेकर सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# अवैध कालोनी निर्माण पर चलाया बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उपनगरीय क्षेत्र के शिवाजी वार्ड स्थित बजरंग कॉलोनी क्षेत्र में बिना सक्षम अनुमति की जा रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम के अतिक्रमण दल ने स्थल से निर्मित संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही की।

निगम के क्षेत्रीय उपयंत्री जे.पी.बघेल एवं अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि बजरंग कालोनी में अवैध प्लाटिंग की सूचना मिलने पर निगम की कॉलोनी सेल एवं अतिक्रमण टीम के संयुक्त निरीक्षण के दौरान किसी अमित साहू नामक व्यक्ति द्वारा बिना किसी विधिसम्मत स्वीकृतियाँ प्राप्त किये निर्धारित नियमों के विपरीत कालोनी का निर्माण कराया जाना पाया गया। जिस पर संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बिना अनुमति निर्मित की गई संरचना



लगभग 150 मीटर रोड को जेसीबी मशीन से अलग करने की कार्यवाही की गई।

क्षेत्रीय उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल ने बताया कि उक्त स्थल पर पूर्व में शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित को नोटिस जारी करते हुए निगम कार्यालय से सक्षम अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही नियमानुसार निर्माण कार्य करने हेतु निर्देशित करने के बाद भी संबंधित द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर यह कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर विधि अनुरूप कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर में अवैध कॉलोनियों एवं नियम विरुद्ध निर्माण कार्यों पर सख्ती जारी रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार के निर्माण अथवा भू-विकास कार्य से पूर्व आवश्यक अनुमतियाँ अवश्य प्राप्त करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों को जारी किया चेतावनी पत्र

**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप बकायेदारों से प्रति सप्ताह संपर्क कर बकाया करों की वसूली हेतु गठित निगम के सामूहिक दल के अधिकारियों कर्मचारियों को आपसी सामंजस्य के साथ प्रति शनिवार को सामूहिक रूप से कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य करने चेतावनी पत्र जारी किया है। उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान जलकर एवं संपत्ति कर की डिमांड अनुरूप वसूली संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निर्धारित लक्ष्य अनुरूप बकायेदारों से वसूली हेतु वार्डवार अधिकारियों कर्मचारियों के दल का गठन कर प्रति सप्ताह शनिवार को सामंजस्य स्थापित करते हुए वसूली हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से कार्यवाही नहीं किये जाने के फलस्वरूप संपत्ति कर एवं जलकर की वसूली निर्धारित लक्ष्य अनुरूप नहीं होने से निगमायुक्त द्वारा दल के अधिकारी कर्मचारियों को चेतावनी दी जाकर आपसी सामंजस्य स्थापित कर वसूली की कार्यवाही करने के अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

### मच्छरों के विनष्टीकरण के लिए फागिंग अभियान

**कटनी।** शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप, डेंगू मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रसार की संभावना को रोकने के लिए निगम प्रशासन द्वारा निर्धारित कैलेण्डर अनुसार लगातार सघन फाागिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रोजाना रोजाना दो वार्डो में ई रिक्शा के माध्यम से विभिन्न मुख्य मार्गो, गलियों एवं सघन बस्तियों में रायायनिक धुंए का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत बुधवार शाम हेमू कालाणी वार्ड और महाराणा प्रताप वार्ड की विभिन्न मार्गो एवं सघन बस्तियों में ई रिक्शा में स्थापित फागिंग मशीन मशीन से रासायनिक धुआं छोड़ने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवासीय क्षेत्रों, नालों के आसपास तथा जलभराव वाले स्थानों पर विशेष फोकस किया। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें, अनावश्यक जलभराव न होने दें तथा निगम के अभियान में सहयोग करें। नगर निगम का यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे आगामी ग्रीष्म ऋतु मे नागरिकों को राहत मिल सके।

### 22 घुमंतू मवेशियों को भेजा गया अमीरगंज गौशाला



**कटनी।** नगर के सार्वजनिक मार्गो की सुगम एवं सुरक्षित आवागमन व्यवस्था तथा सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देजनर निगम प्रशासन द्वारा नियमित रूप से अभियान स्वरूप कार्यवाही की जाकर आवारा मवेशियों को गौशाला एवं गौ आश्रय केन्द्र में भेजने की कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार को घुमंतु मवेशियों को सार्वजनिक मार्गो से हटानें हेतु आयोजित अभियान के दौरान जिला चिकित्सालय, स्टेशन रोड पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मुख्य मार्ग, झंडा बाजार, पोस्ट ऑफिस के सामने, मिशन चैक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, मुड़वारा स्टेशन दुर्गा मंदिर के पास सहित साउथ स्टेशन पहुंच मार्ग से 22 नगर आवारा मवेशियों को पकड़कर काऊ केचर वाहन से अमीरगंज स्थित कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। निगम प्रशासन ने पशुपालकों से नगर के सार्वजनिक मार्गो मे मवेशियों को न छोड़कर सुगम आवागमन के लिए निगम प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

---

**बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ जनपद में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन**

# 132 नव दंपत्तियों ने थामा एक दूजे का हाथ, लिये सात फेरे







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत जिले के बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ विकासखंड में आयोजित सामूहिक विवाह में 132 नव दंपत्तियों ने सात फेरे लेकर दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की। बहोरीबंद विकासखण्ड में सामूहिक विवाह का आयोजन मरही माता मंदिर मे गुरुवार को हुआ। जनप्रतिनिधियों ने घराती बनकर बारातियों का स्वागत किया। विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया गया। इस सामूहिक विवाह में 42 नवयुगलों ने एक-दूजे का दामन थामा।जिसमे 42 जोड़े हिन्दू रीति रिवाज से विवाह संपन्न हुआ।

इस दौरान विधायक भाई प्रांजल पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा,एसडीएम राकेश चौरसिया,जनपद उपाध्यक्ष सोनम राजेश चौधरी चौधरी,जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, तहसीलदार नेहा जैन उपस्थित रहे। विवाह बंधन में बंधने वाले प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपए का स्वीकृति पत्रक जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रदान किया गया।

एसडीएम राकेश चौरसिया ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे परिवार जो गरीबी के कारण अपनी कन्या का विवाह करने में सक्षम नहीं होते हैं, उन कन्याओं के विवाह के लिए यह योजना बनाई गई है। इस योजना में जाति-धर्म का कोई बंधन नहीं रखा गया है। हर जाति धर्म के गरीब लोग इस योजना में अपनी कन्या का विवाह कराने के लिए पात्र है। नवदम्पत्ति को तुलसी का पौधा जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों के द्वारा प्रदाय किया गया।

इस दौरान दीनदयाल अंत्योदय समिति अध्यक्ष सुनील जयरत्नम,सरपंच फोरम संघ अध्यक्ष मनोज पटेल,भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार,प्रकाश गुप्ता, प्रवीण यादव,जगदेव पटेल, बीसी नवीन साहू, विक्रम सोनी, राकेश तिवारी सहित वर वधु के परिजन, रिश्तेदारो मौजूद रहे।

#### ढीमरखेड़ा में 39 जोड़ों ने लिये फेरे

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम में कुल 39 जोड़े विधिवत वैवाहिक बंधन में बंधे। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराए गए। जनप्रतिनिधियों ने योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान कर समाज में समानता और सम्मान की भावना को मजबूत करती है। समारोह में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। दूल्हा-दुल्हन पारंपरिक वेशभूषा में सजे नजर आए। परिजनों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरे वातावरण में उत्साह और हर्ष का माहौल बना रहा। विवाह स्थल पर बैंड-बाजे और मंगल गीतों ने समारोह को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र वधू को शासन की ओर से निर्धारित आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही उन्हें आवश्यक सामग्री और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की यह योजना सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और सामूहिक विवाह की परंपरा को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रही है।

#### विगढ़ में 51 जोड़े परिणय सूत्र में आबद्ध

विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत प्रांगण में सामूहिक विवाह आयोजन में 51 नव युगल दंपत्तियों ने हिंदू रीति रिवाज एवं वैदिक मंत्रोपचार के साथ-सात फेरे लिए गये। विवाह के उपरांत जनप्रतिनिधियों द्वारा द्वारा प्रत्येक जोड़े को 49000 के चेक के साथ गिफ्ट सामग्री का वितरण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ब्रतेश जैन द्वारा बताया गया कि इस योजना से गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह आसानी से हो जाता है। जनपद पंचायत की 76 ग्राम पंचायत से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें 51 जोड़े सामूहिक विवाह आयोजन के लिए पात्र पाए गये।

19 फ़रवरी को जनपद पंचायत अध्यक्ष सुधा कोल उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे सहित जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं जोड़ों के परिजनों की उपस्थिति में विधि विधान पूर्वक विवाह कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।

---

*बहोरीबंद पुलिस ने चौपाल के माध्यम से लोगों को किया जागरूक*

## साइबर फ्राड से बचना है तो न लालच में आये न ही डरें, पुलिस को दें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति सजग करने के लिए बहोरीबंद पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गाँव -गाँव चौपाल लगाई जा रही है। बहोरीबंद बाजार व बस स्टेंड मे चौपाल लगा, ग्रामीणजनों से संवाद किया गया जिसमें साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत लोगों को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए गए।

थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया, ताकि वे किसी भी साइबर क्राइम का शिकार न हो। उन्होंने साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।किसी अनजान के साथ आधार नंबर, ईमेल आईडी, सत्यापन कोड व अन्य किसी भी तरह की निजी जानकारी साझा नहीं करें। थाना प्रभारी ने बताया कि इन दिनों मोबाइल पर अनेक प्रकार के मैसेज आते हैं, जिनको क्लिक करते ही आपका सारा डाटा साइबर अपराधियों के पास चला जाता है और आप ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसके लिए उन्होंने कहा कि एसएमएस व वाट्सअप के माध्यम से आए किसी भी लिंक को क्लिक न करें।फोन, ईमेल, एसएमएस या वाट्सअप पर आए नौकरी, लाटरी जैसे विज्ञापनों पर विश्वास न करें। एटीएम से पैसे निकालते या जमा करते समय किसी भी अंजान व्यक्ति की सहायता न लें। अपने एटीएम पिन को समय समय पर बदलते रहें।फोन और एप को हमेशा नए वर्जन के साथ अपडेट रखें और सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर जरूरत से ज्यादा निजी जानकारियां शेयर न करें। वन टाइम पासवर्ड का इस्तेमाल आपके बैंक खाते से रुपये चुराने के लिए किया जा सकता है, इसलिए उसे किसी अन्य से साझा करने से बचे।अगर किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होता है,या फिर कोई ऑनलाइन ठगी का शिकार होता है तो इसकी शिकायत नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं। कैसी ही परिस्थिति हो घबराये नहीं पुलिस से संपर्क करें। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने भी समझाइश दी गई।

---

**ईश्वरीय सेवा में जीवन समर्पित करने वाली माताओं का सम्मान**



माताओ में अनंत शक्तियां होती है परिवार को संभालते हुए निस्वार्थ सेवा आध्यात्मिक ज्ञान की प्रसार और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रसर रहती है । इसलिए माताओ को शक्ति स्वरूपा कहा जाता है। उक्त आशय के विचार मंगलनगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन की उपकेंद्र में ईश्वरीय सेवा और समर्पण में जीवन समर्पित करने वाली माताओ के सम्मान समारोह के पावन अवसर पर मंगलनगर प्रभारी अनीता बहन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी दीदी और बहोरीबंद की रजनी दीदी के सम्मान स्वागत और दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। तत्पश्चाप ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा गीता माता, रेखा माता, ग्यारसी माता , शिवदुलारी माता, गौरा माता, मंगला माता, राजरानी माता, सुनीता माता, रामबाई माता, गीता माता, दुर्गा माता, कौशल्या माता, माला माता को मुकुट चुनरी और तिलक से सुशोभित कर ईश्वरीय सौगात भेंट की गई। नन्ही खुशी और बहनों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश भाई ने किया। कार्यक्रम में मंगलनगर के भाई बहनों का सहयोग रहा।

---

## विधायक के प्रयास से 9 मार्ग निर्माण के लिए 183 करोड़ की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के 9 मार्गो के लिए लगभग 23 करोड़ एवं 160 करोड़ की राशि की मप्र सरकार के बजट में स्वीकृति प्रदान की गई है। निश्चित ही इन मार्गों के निर्माण से विकास की नई दिशा मिलेगी एवं आवागमन सुगम होगा। उल्लेखनीय है कि विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह नियमित रुप से विधानसभा क्षेत्र का दौरा करते हैं उन्हें जहां भी क्षेत्रीय समस्याएं मिलती हैं या जनता द्वारा बताई जाती हैं उन समस्याओं का त्वरित निराकरण मौके पर ही करने का प्रयास करते हैं जो समस्याएं उच्च स्तर की होती हैं उन्हें आन द स्पार्ट मौके से ही निराकरण करने का निर्देश अधिकारियों को देते हैं।

विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रयासों से शासन के द्वारा बड़वारा विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों की सौगात दी गई है जिससे क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे लोगों को आवागमन के लिए सुगम मार्ग उपलब्ध होंगे।



#### इन ग्रामों के लिए राशि स्वीकृत

1- पिपरौंध- देवरी हटाई - बड़वारा - बसाडी- कैमोर दूरी 74.40km राशि 160 करोड़2- भमका - रोझन मार्ग हेतु राशि -2.25 करोड़3- झिन्ना पिपरिया - कटरा मार्ग हेतु राशि -3.50 करोड़4- करही- नैगवा मार्ग राशि -2.00 करोड़5- देवरी- केवलारी मार्ग राशि - 1.20 करोड़ 6 - सरस्वाही - सुरखी मार्ग राशि -1.50 करोड़7- पडरभटा संसारपुर मार्ग राशि - 1.00 करोड़ 8 - गोपालपुर - सगवा- अतरसूमा-सिलौडी राशि 5.40 करोड़9- दसरमन - सुनतरा मार्ग 4.61 करोड़।

विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रयास से नवीन मार्गो के निर्माण हेतु राशि मंजूर किये जाने पर लोगों के द्वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह का आभार व्यक्त किया गया है।

---

*एसपी ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था पर की चर्चा*

## बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के लिए सही जानकारी दें ताकि कार्यवाही आसान हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में कंट्रोल रूम में जिले के समस्त सार्वजनिक एवं निजी बैंकों के प्रबंधकों, अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर जागरूकता को बढ़ावा देना तथा बैंक एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना है।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस और बैंकों के बीच मजबूत एवं सतत समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने साइबर अपराध, बैंकिंग धोखाधड़ी, ऑनलाइन फ्रॉड, संदिग्ध लेन-देन, एटीएम एवं बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा साइबर फ्रॉड की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही बैंकों से अपेक्षा की गई कि वे ग्राहकों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु निरंतर जागरूक करें तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराएं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा प्रभाव आम नागरिकों की मेहनत की कमाई पर पड़ता है। ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस और बैंकों के बीच सशक्त समन्वय अत्यंत आवश्यक है। जिला पुलिस जनधन की सुरक्षा एवं साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए हर संभव कदम उठा रही है और भविष्य में भी बैंकों के साथ निरंतर समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा। एसपी द्वारा सभी बैंक कर्मचारियों से अपील की गई कि साइबर अपराधों से निपटने में पुलिस को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना/सक्रियता तथा जिले में घटित साइबर अपराधों पर हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब भी थानों एवं सायबर सेल द्वारा सूचना मांगी जाए, तो बैंक अधिकारी शीघ्र एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे जालसाजों का विवरण समय पर एकत्र कर बरामदगी और कार्रवाई को आसान बनाया जा सके।

---

**स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन सभी की सहभागिता अहम**

## स्वच्छता सर्वेक्षण का काउंटडाउन शुरू, जवाबदेही से कार्य करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं, बल्कि नगरवासियों की जागरूकता और सहभागिता से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नागरिकों की जागरूकता, सकरात्मक सहयोग और सफाई मित्रों की कड़ी मेहनत शहर की स्वच्छ छवि को मजबूत करने में निर्णायक सिद्ध होंगे।

उक्त बात निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर बुधवार शाम आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों से कही।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करते हुए विभागों के मध्य आपसी समन्वय, समयबद्ध कार्यवाही एवं प्रभावी निगरानी व्यवस्था पर बल देते हुए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की नियमितता, स्त्रोत पर कचरे के पृथक्करण एवं इस हेतु नागरिकों में जागरूकता लाने, सार्वजनिक स्थलों की सतत स्वच्छता, सी एंड डी वेस्ट प्रबंधन तथा सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई तथा आवारा मवेशियों के स्वच्छंद विचरण पर अंकुश लगाने, रोको टोको अभियान एवं स्वच्छता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के साथ ही तथा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित कर स्पॉट फाइन जैसी कार्यवाही की चरणबद्ध तरीके से समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर पर सक्रियता से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण का काउंटडाउन शुरू हो गया है उन्होंने सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं एवं एवं वर्तमान सफाई व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर निर्धारित मानकों के अनुरूप जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं में सुधार लाने हेतु सार्वजनिक एवं अन्य मार्गो के साथ ही बाजार क्षेत्रों की सफाई हेतु रूट निर्धारित करते हुए जवाबदेही के साथ कार्य करने के भी निर्देश भी दिए। उन्होंने एम.एस.डब्ल्यू को आड़े हांथे लेते हुए कहा कि यदि समय पर कचरा वाहन वार्डो में पहुंचेगा तो नागरिकगण घरों एवं दुकानों का कचरा सीधे कचरा वाहन में ही देगें तथा शहर की सफाई व्यवस्था में काफी सुधार परिलक्षित होगा। इस हेतु एम.एस.डब्ल्यू कचरा वाहन बढ़ाने, वार्डो में कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचने पर तत्काल कार्यालय को सूचित करने के साथ ही वार्ड स्तर पर सफाई व्यवस्था की निगरानी हेतु निगम के अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।निगमायुक्त सुश्री परिहार ने बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा कर नगर के सार्वजनिक स्थलों की सुंदरता हेतु प्रयास करने, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों वालेंटियर्स आदि की सहभागिता से जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के अलावा नुक्कड़ नाटक, मनोरंजन गतिविधियां आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक के अंत में निगमायुक्त ने कहा कि हम सभी को मिलकर ऐसे प्रयास करने होंगे कि इस सर्वेक्षण में कटनी नगर का नाम स्वच्छता के शिखर पर पहुंचे।

---

## घरेलू विवाद पर पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा, थम गई सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेवरी में घरेलू विवाद के दौरान हुई हिंसा के कारण एक महिला की जान चली गई। लगभग 20 दिन पहले हुई इस घटना में खेरमाई मंदिर मोहल्ले में पति-पत्नी के बीच हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी का माहौल है।

#### पत्नी को बेदम पीटा

पुलिस के अनुसार यह दर्दनाक घटना 29 जनवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे की है। आरोपी वीरेंद्र कोल 32 वर्ष का अपनी पत्नी पूजा कोल 28 वर्ष से किसी घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आरोपी ने पूजा के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। घायल पूजा को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था मगर इलाज से पहले ही पूजा ने दम तोड़ दिया।

#### पीएम रिपोर्ट के आधार पर किया गिरफ्तार

घटना की जानकारी मृतका के भाई रोशन कोल निवासी शारदा मोहल्ला तेवरी ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्लीमनाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में सामने आए तथ्यों एवं डॉक्टरी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने गत देर रात आरोपी पति के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार समन ने बताया की आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी बारीकी से जांच की जा रही है।

## खास बातें

### जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा के लिये ट्रेन 20 मार्च को जाना प्रस्तावित

दमोह। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 20 मार्च 2026 को ट्रेन जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा के लिये जाना प्रस्तावित है। जो आवेदक (म.प्र. के वरिष्ठजन जिनकी आयु 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, महिलाओं के मामले में 02 वर्ष की छूट, जो आयकर दाता नहीं है) जो जगन्नाथपुरी की तीर्थ यात्रा के लिये जाना चाहते हैं, वे आवेदक अपने आवेदन पत्र अपने निकटतम स्थानीय निकाय (नगर पालिका/ नगर परिषद/ जनपद कार्यालय में ) जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा के लिये 06 मार्च 2026 तक आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा कर सकते हैं। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने यात्रियों से अपेक्षा की है कि वे मौसम के अनुरूप वस्त्र, व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री यथा कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, आवश्यक दवाईयां, दाढ़ी बनाने का सामान आदि साथ में रखें।

### हादसे के बाद दो लाख की मांग ने युवक की ली जान

पन्ना। बृजपुर थाना क्षेत्र के उमरी गांव में सड़क हादसे के बाद वसूली और धमकी के आरोपों से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सुनील आदिवासी पिता भूरा आदिवासी उम्र 27 वर्ष 18 फरवरी 2026 को पहाड़ी खेड़ा से ऑटो में सवार होकर यात्रियों को लेकर अपने गांव उमरी लौट रहा था। उमरी से पहले गैस एजेंसी के पास सामने से आ रही बाइक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक चालक विकास लोधी, निवासी उमरी, घायल हो गया। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद बाइक चालक ने ऑटो चालक सुनील आदिवासी से 2 लाख रुपये की मांग की और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी।

31 मार्च तक चलेंगे क्लस्टर आधारित समाधान शिविर, नगरीय क्षेत्रों में लगेंगे वार्डवार शिविर

# जनसुनवाई की जगह शिविरों से त्वरित समाधान का प्रयास- कलेक्टर

**संकल्प से समाधान अभियान का द्वितीय चरण प्रारंभ**

**24 फरवरी को दमोह, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा नगरपालिका में विशेष आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है, जो 31 मार्च तक जारी रहेगा। अभियान के तहत अब प्राप्त आवेदनों के निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया दूसरे चरण में विकासखंड स्तर पर छोटे-छोटे क्लस्टर बनाकर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन क्लस्टर आधारित शिविरों की शुरुआत 20 फरवरी से होगी। प्रत्येक विकासखंड में एक दिन में अधिकतम सात क्लस्टरों में शिविर लगाए जाएंगे तथा शिविरों के बीच तीन से चार दिन का अंतर रखा गया है, ताकि आमजन तक सूचना प्रभावी रूप से पहुंच सके और अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि प्रथम चरण में जिन नागरिकों ने आवेदन प्रस्तुत किए थे, वे द्वितीय चरण में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपने आवेदनों का निराकरण प्राप्त करें। शिविरों की सूचना सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से दी जा रही है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में भी वार्डवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 24 फरवरी को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जो केवल प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु रहेगा। यह विशेष शिविर 24 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक दमोह, पथरिया, तेंदूखेड़ा नगरपालिकाओं में आयोजित होगे। लंबित किस्तों के हितग्राही अवश्य पहुंचें शिविर में कलेक्टर श्री कोचर ने स्पष्ट किया कि ऐसे हितग्राही जिनको पहली किस्त मिलने के बाद दूसरी या तीसरी किस्त प्राप्त नहीं हुई है, वे संबंधित नगरपालिका में आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हों। शिविर में प्रत्येक हितग्राही की फाइल का सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा जिसमें फोटो सत्यापन, पूर्व जारी किस्तों का विवरण एवं अन्य दस्तावेजों की जांच शामिल रहेगी। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से दमोह नगरपालिका में लंबित प्रकरणों की संख्या अधिक है, इसलिए अधिक से अधिक हितग्राही 24 फरवरी को आयोजित शिविर का लाभ लें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि कई नागरिक हर बार जनसुनवाई में अपनी समस्या लेकर पहुंचते हैं। इन्हीं समस्याओं के समग्र समाधान हेतु क्लस्टर आधारित एवं विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि एक ही स्थान पर व्यवस्थित तरीके से प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। उन्होंने समस्त ग्रामीण एवं नगरीय नागरिकों से आग्रह किया कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविरों में पहुंचकर शासन की इस पहल का लाभ अवश्य उठाएं।

# बालिका विद्यालय में हुआ विदाई समारोह

जबेरा। जबेरा के समीपस्थ जनपद शिक्षा केंद्र जबेरा के अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुसमी मानगढ़ में सत्रांत के अवसर पर भावनात्मक एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। विद्यालय की वार्डन श्रीमती मीना तिवारी, सहायक वार्डन श्रीमती सीमा खरे तथा शिक्षक राजेश दुबे सहित समस्त माध्यमिक शाला स्टाफ की उपस्थिति में कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विदाई ले रही छात्राओं ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए कहा कि कुसमी मानगढ़ विद्यालय ने उन्हें शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास भी प्रदान किया है। कई छात्राएँ भावुक हो उठीं। कनिष्ठ छात्राओं ने गीत, कविता, सांस्कृतिक नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने सीनियर्स को शुभकामनाएँ दीं। संस्कृत श्लोक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को आध्यात्मिक और प्रेरणादायी बना दिया।



कार्यक्रम के दौरान जिले में अनुशासन और शैक्षणिक गुणवत्ता में आए सकारात्मक बदलावों पर भी चर्चा हुई। जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) एमके द्विवेदी एवं एपीसी रवि शंकर पाठक की सतत मॉनिटरिंग, नियमित निरीक्षण एवं मार्गदर्शन से बालिका आवासीय विद्यालयों में अनुशासन एवं शैक्षणिक स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। डीपीसी द्वारा समय-समय पर बैठकें आयोजित कर विद्यालय प्रबंधन को दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालयों में स्वच्छता, भोजन व्यवस्था, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंतर प्रगति हो रही है। जिले में विभिन्न विद्यालयों में संस्कृत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से छात्राओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल रहा है। वार्डन श्रीमती मीना तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय परिवार सदैव बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित है। उन्होंने छात्राओं को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। सहायक वार्डन एवं शिक्षकों ने भी छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं करियर के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विदाई ले रही छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वातावरण भावनाओं से ओत-प्रोत रहा, किन्तु साथ ही नई उपलब्धियों की आशा और उत्साह भी झलकता रहा। निस्संदेह, डीपीसी एमके द्विवेदी एवं एपीसी रवि शंकर पाठक की सक्रियता तथा विद्यालय स्टाफ की प्रतिबद्धता जिले में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है, जिसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा।

# बटियागढ़ में खेल स्टेडियम के लिए 6.95 करोड़ रुपये स्वीकृत

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल के सतत प्रयासों से बटियागढ़ क्षेत्र में खेल अधोसंरचना विकास के लिए 6 करोड़ 95 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से खेल स्टेडियम का निर्माण एवं आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। स्टेडियम निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधा मिलेगी तथा वे जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बटियागढ़ में खेल स्टेडियम का निर्माण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा और खेल संस्कृति को सुदृढ़ करेगा।

# मुड़ारी में निकली जलविहार यात्रा

**ढोल-नगाड़ों की धुन पर उमड़ा आस्था का सैलाब**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम मुड़ारी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन भक्ति और उल्लास के अद्भुत संगम के साथ हुआ। कथा व्यास पंडित भारत द्विवेदी महाराज द्वारा सात दिनों तक श्रीकृष्ण चरित्र, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के अमृतमय प्रसंगों का श्रवण कराया गया, जिससे पूरा गांव भक्तिरस में सराबोर रहा। कथा के अंतिम दिवस हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम मुड़ारी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति दी गई और विश्व शांति, सुख-समृद्धि तथा ग्राम कल्याण की कामना की गई। समापन अवसर पर दिव्य और भव्य जलविहार यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जय श्रीकृष्ण के उद्घोष के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते हुए जुलूस के रूप में ग्राम जुझार की व्यारमा नदी तट तक पहुंचे। पूरे मार्ग में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। महिलाओं ने मंगल गीत गाए तो युवाओं ने भक्ति संगीत पर झूमकर अपनी आस्था प्रकट की।व्यारमा नदी के पावन तट पर भगवान की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन कर जलविहार कराया गया। इस दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने नदी तट पर दीप प्रज्वलित कर आरती की और धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठजन, युवा, मातृशक्ति और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के इस पावन आयोजन ने ग्राम मुड़ारी को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया और जलविहार यात्रा ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

# कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण




दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लक्ष्मणकुटी, मुडिया और लुहारी स्थित परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण, निगरानी व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए। उन्होने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संचालित हो रही है। कलेक्टर श्री कोचर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# एक बगिया मां के नाम योजना के हितग्राहियों का हुआ संवाद कार्यक्रम

जबेरा। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और मनरेगा के संयुक्त तत्वावधान में जबेरा स्थित आजीविका भवन के सभाकक्ष में 'एक बगिया मां के नाम' योजना के लाभार्थियों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों की जिज्ञासाओं का समाधान करना और योजना के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा करना था। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (RES) के अनुविभागीय अधिकारी (SDO) शिवाजी गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी सब इंजीनियरों ने भाग लिया. योजना का प्राथमिक लक्ष्य किसानों के आधा एकड़ खेत में तार फेंसिंग के साथ फलदार पौधों का रोपण सुनिश्चित करना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि की जा सके. योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) की सदस्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके नाम से ही योजनाएं स्वीकृत की जा रही हैं। ब्लॉक समन्वयक धर्मेंद्र मिश्रा ने सभी हितग्राहियों से शासन की गाइडलाइन के अनुसार इस योजना का लाभ उठाने और सक्रिय रूप से कार्य करने की अपील की, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप किसान भाई लाभान्वित हो सकें। बैठक में नितेश असाटी, राजकरण वर्मा, आर.के. जैन, पावस गढ़ावा, सुरेश प्रजापति (सभी सब इंजीनियर), अजय शुक्ला, दीपक सोनी, अभिषेक कोष्टा (सभी सहायक विकासखंड प्रबंधक) सहित अन्य अधिकारी और हितग्राही उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और मनरेगा के संयुक्त तत्वावधान में जबेरा स्थित आजीविका भवन के सभाकक्ष में 'एक बगिया मां के नाम' योजना के लाभार्थियों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों की जिज्ञासाओं का समाधान करना और योजना के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा करना था। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (RES) के अनुविभागीय अधिकारी (SDO) शिवाजी गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी सब इंजीनियरों ने भाग लिया. योजना का प्राथमिक लक्ष्य किसानों के आधा एकड़ खेत में तार फेंसिंग के साथ फलदार पौधों का रोपण सुनिश्चित करना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि की जा सके. योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) की सदस्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके नाम से ही योजनाएं स्वीकृत की जा रही हैं। ब्लॉक समन्वयक धर्मेंद्र मिश्रा ने सभी हितग्राहियों से शासन की गाइडलाइन के अनुसार इस योजना का लाभ उठाने और सक्रिय रूप से कार्य करने की अपील की, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप किसान भाई लाभान्वित हो सकें। बैठक में नितेश असाटी, राजकरण वर्मा, आर.के. जैन, पावस गढ़ावा, सुरेश प्रजापति (सभी सब इंजीनियर), अजय शुक्ला, दीपक सोनी, अभिषेक कोष्टा (सभी सहायक विकासखंड प्रबंधक) सहित अन्य अधिकारी और हितग्राही उपस्थित रहे।

### श्रीमद भागवत में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

अमानगंज। अमानगंज प्रतिनिधि नगर अमानगंज अंतर्गत ग्राम पिपरवाह में चल रही संगीत में श्रीमद् भागवत कथा की पांचवें की कथा में धाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास श्री सुखेंद्र मिश्रा ने आज भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का बहुत ही सुंदर वर्णन किया भगवान के द्वारा माखन चोरी गाय को चराने के लिए जंगल में जाना गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाए रखना अपनी शाखा मित्रों के साथ गेंद खेलने के प्रसंग का बहुत ही सुंदर वर्णन किया गया साथ में गोवर्धन पर्वत पूजा विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारण करके हर्षोल्लास के साथ की गई कथा श्रोता परीक्षित के रूप में श्रीमती रुचि दीपक बहरे के द्वारा इस कथा का आयोजन किया जा रहा हैं।

### वन एवं राजस्व सीमा विवाद का हो सकेगा प्रभावी निराकरण

पन्ना। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से अब पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वन एवं राजस्व सीमा विवाद का प्रभावी निराकरण संभव हो सकेगा। इस संबंध में विधायक द्वारा म.प्र. विधानसभा के सत्र में ध्यानाकर्षण के माध्यम से राजस्व मंत्री से वन व्यवस्थापन अधिकारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त करने की मांग की गई थी। इसके अलावा जिला कलेक्टर के पत्र के माध्यम से भी राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव को अवगत कराया गया था। पन्ना विधायक की मांग पर अब विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा भी वन व्यवस्थापन अधिकारी की तत्काल नियुक्ति के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जागेश्वर नाथ धाम के समीप ग्राम जुझार स्थित व्यारमा नदी के पावन तट पर प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत भव्यता और दिव्यता के साथ संपन्न हुआ। पूरे पांडाल में "नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा व्यास पंडित श्री शालिकराम पांडे द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की अमृतवाणी का रसास्वादन कराया जा रहा है। बांदकपुर, हलगज, रियाना, मुड़ारी, रंजरा, मैली, बमुरिया, हिनौती ठेंगापट्टी सहित आसपास के अनेक ग्रामों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। कथा के दौरान पंडित श्री पांडे ने श्रीकृष्ण जन्म का आध्यात्मिक रहस्य उजागर करते हुए कहा कि भगवान का अवतार केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि धर्म, सत्य, दया, तप और दान की पुनर्स्थापना का दिव्य संकल्प है। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण का जन्म कारागार में हुआ, जो यह संदेश देता है कि अंधकार और अन्याय कितना भी गहरा क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। उन्होंने कहा कि भागवत भाव, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य जीवन को पवित्र और सार्थक बनाते हैं। जब मनुष्य अपने कर्म को ईश्वर से जोड़ता है, तब उसका जीवन आनंदमय और कल्याणकारी बन जाता है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हमें अहंकार त्यागकर प्रेम, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जन्मोत्सव की पावन घड़ी में मंदिर परिसर में सजी आकर्षक झांकियां, शंखनाद, ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महिलाएं, पुरुष और बच्चे भक्ति रस में डूबकर नृत्य करते नजर आए। पूरा परिसर रात्रि तक कृष्णमय बना रहा। रियाना सरपंच दर्शन सिंह लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसीपुरा, हिनौती ठेंगापट्टी और रियाना गांव के महिला एवं पुरुष मंडलों द्वारा रात्रि मंभ भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें मधुर भजनों की स्वर लहरियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन कार्यक्रम निरंतर जारी है। व्यारमा नदी के शांत तट पर उमड़ी श्रद्धा और आस्था ने जुझार को मानो ब्रजधाम का स्वरूप प्रदान कर दिया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज को सदाचार, प्रेम और मानवता के मार्ग पर चलने का सशक्त संदेश देने वाला प्रेरणादायी पर्व बन गया।



# श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का हवन-भंडारे के साथ दिव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



ग्राम रोड़ में विगत सात दिनों से संचालित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का अंतिम दिवस अत्यंत श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा व्यास पंडित अरविंद व्यास जी के सानिध्य में हवन-पूजन, पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ इस आध्यात्मिक आयोजन का भव्य समापन किया गया। पूरे गांव में भक्ति का वातावरण व्याप्त रहा और श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को दिव्यता प्रदान की। अंतिम दिवस प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कथा व्यास अरविंद व्यास जी ने अपने मंगल प्रवचनों में श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलाने का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि जब तक मनुष्य के जीवन में भक्ति, करुणा और सेवा का भाव नहीं आता, तब तक जीवन अधूरा है। पूरे सप्ताह ग्राम रोड़ में भक्ति रस की गंगा बहती रही। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव और गोपी प्रेम जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाया। प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा भाव से ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने व्यवस्थाओं को संभाला। पूरे आयोजन में अनुशासन और समर्पण की झलक देखने को मिली।

ग्रामवासियों ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का संचार होता है। श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह ने ग्राम रोड़ को भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से सराबोर कर दिया। अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक आयोजन करने का संकल्प लिया।

# जबेरा में देसी गेहूं बीजों का डेमो प्लांट स्थापित

**प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने की अनूठी पहल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा के समीपस्थ ग्राम भिनेनी में इस समय प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जबेरा के नजदीकी ग्राम भिनेनी में मानव जीवन विकास समिति के द्वारा देसी गेहूं के 6 से 8 पारंपरिक किस्मो का डेमो प्लांट स्थापित किया गया है यह पहल पिछले दो-तीन वर्षों से रवि एवं खरीफ फसलों में निरंतर की जा रही है। समिति के द्वारा पुराने से पुराने देशी बीजों का संग्रहण कर उन्हें खेतों में प्रदर्शन के रूप में लगाया जा रहा है जिससे किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रभावी परिणाम से अवगत कराया जा सके वर्तमान सत्र में धान के साथ-साथ गेहूं की पारंपरिक किस्म पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। ग्राम भिनेनी में लगाये गए CDV प्लांट का प्रथम चरण का डाटा कलेक्शन पूर्ण किया गया इस दौरान कृषक नरेश कृषक अर्चना एवं दो अन्य महिला कृषकों के द्वारा गेहूं की विभिन्न किस्मो का चरित्र चित्रण किया गया डेमो प्लांट में गु लंबरी ,पैगंबरी ,खेडा, मुंडी बंसी ,काला गेहूं सेवन ,सर्वती एवं 322 सहित कुल 8 किस्मो का रोपण किया गया है। इस संपूर्ण प्रक्रिया में RRA,NCNF, दमोह जिला प्रशासन कृषि विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र दमोह का सहयोग प्राप्त हो रहा है इन संस्थाओं के समन्वय से किसानों को देसी बीज संरक्षण, प्राकृतिक खेती, तकनीक एवं उत्पादन वृद्धि की संबंध में मार्गदर्शन दिया जा रहा है पर्यावरण विद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि समिति के द्वारा देशी बीजों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं साथ ही श्री अन्न को अधिक से अधिक लोगों तक पहचाने एवं किसानों को आवश्यक उपादानों में सहयोग किया जा रहा है।



# सीएमएचओ ने आमजन से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विकासखण्ड पथरिया के वार्ड नम्बर 1 में आयोजित संकल्प से समाधान शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने पहुँचकर मौजूद आमजन से स्वास्थ्य योजनाओं से जुडी. समस्याओं के संबंध में सीधा संवाद किया। डॉ. अठया ने बताया कि संकल्प से समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग की शामिल की गई 5 प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं यथा प्रसूति सहायता योजना, आयुष्मान कार्ड निर्माण, मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत हृदय रोग से पीड़ति बच्चों के निःशुल्क उपचार व आयु निर्धारण से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता से समयबद्ध रूप से निराकरण कराया जा रहा है। उन्होंने इन योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होने कहा कि इन योजनाओं के तहत पात्रता रखने वाले हितग्राही जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने है या कोई समस्या है अथवा पीएसवाई भुगतान से संबंधित समग्र आई.डी. अथवा अन्य संबंधित दस्तावेजों से जुड़ी समस्या है, उम्र निर्धारण नहीं हो पाने की वजह से योजनाओं के लाभ नहीं ले पा रहे है। ऐसे सभी प्रकरणों के संबंध में शिविर में आवेदन प्रस्तुत करें। आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए पात्र व्यक्ति की उपस्थिति अनवार्य है। हितग्राही अपनी समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लेकर शिविर स्थल पर उपस्थित रहें। मौके पर ही निराकरण योग्य प्रकरणों को निराकृत किया जाकर अन्य प्रकरणों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा।

## खास बातें

### क्लस्टर स्तरीय शिविरों का आयोजन आज

**दमोह।** सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों/तहसील एवं जिला स्तर पर उसके पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के उद्देश्या से जिले में संकल्पं से समाधान अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं के लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में आज 20 फरवरी को जिले के समस्तल विकासखण्डों के विभिन्नी क्ल स्टलर मुख्याालयों में संकल्पै से समाधान अभियान अंतर्गत क्लयस्टतर स्तारीय शिविरों के आयोजन किये जायेंगे, जो बनवार विकासखण्डा जबेरा, तेजगढ़ विकासखण्डं तेन्दूखेड़ा, बांदकपुर विकासखण्ड दमोह, कुम्हासरी विकासखण्डर पटेरा, सतपारा विकासखण्ड पथरिया, खड़ेरी विकासखण्डन बटियागढ़, हिनौताकलां विकासखण्डि हटा में आयोजित होंगे।

### रेवझाकला उचित मूल्य दुकान का प्राधिकार पत्र निरस्त

**दमोह।** विकासखण्ड पटेरा अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान रेवझाकला दुकान कोड 1102065 का प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने बताया कि सहायक आपूर्ति अधिकारी हटा/पटेरा के प्रतिवेदन के आधार पर उक्त दुकान का प्राधिकार पत्र निरस्त किया गया। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के अंतर्गत अब उक्त दुकान के पुनः आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इच्छुक एवं पात्र संस्थाएं विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने हटा क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण कर लिया जायजा

# कलेक्टर ने देखी उन्नत खेती तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बुधवार को कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ हटा अनुविभाग के ग्राम कुंवरपुर, पिपरिया किरण एवं लुहारी पहुंचकर किसानों द्वारा की जा रही उन्नत खेती की तकनीक को देखा और किसानों की सराहना कर उन्हें नई दिशा देने के संकेत दिए। कलेक्टर सुधीर कुमार ग्राम पिपरिया किरण पहुंचे, जहां पर प्रगतिशील कृषक पवन पटेल, बहादुर पटेल एवं श्रीमती अनुपमा पटेल के खेतों में एप्पल बेर की उन्नत किस्में— एप्पल कलर ग्रीन, येलो और कश्मीरी एप्पल बेर की खेती देखी, और साथ में विभिन्न प्रकार के फलों की उन्नत किस्म जैसे आम, नींबू, सीताफल, चीकू, एवं अन्य फसलें को भी देखा, साथ ही ग्राम कुंवरपुर में अमन दबे द्वारा अपने खेत में की जा रही उन्नत जैविक एवं प्राकृतिक खेती का मॉडल फार्म भी देखा जिसके अंतर्गत केचुआ खाद, जीवामृत, बीजमृत, तरबूज खरबूज खेती की प्रदर्शन इकाइयों को देखा इसके उपरांत ग्राम लुहारी में दिनेश फौजदार आशीष, आकाश फौजदार का उन्नत कृषि मॉडल फॉर्म देखा जिसमें शिमला मिर्च, टमाटर, लौकी , एप्पल बेर , तरबूज खरबूज, उन्नत गुलाब की किस्मों को देखा उन्होंने इनके विपणन और बाजार संभावनाओं की जानकारी ली तथा किसानों के नवाचार की सराहना की। कलेक्टर ने उत्पादन के व्यावसायिक उपयोग और बाजार विस्तार पर विस्तार से चर्चा की। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र दमोह के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार अहिरवार ने सभी गांवों का भ्रमण करना एवं उन्नत तकनीकों के बारे में बताया साथ ही उद्यानिकी फसलों के बारे में सहायक संचालक उद्यानिकी एसएस ठाकुर द्वारा जानकारी दी गई साथ ही भ्रमण के दौरान उद्यानिकी अधिकारी पथरिया गणेश पटेल एवं अजय द्विवेदी उद्यानिक अधिकारी हटा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संजय रोहित द्वारा किसानों को कृषि योजनाओं की जानकारी दी। बीटीएम हटा अखिलेश पटेल द्वारा आत्मा योजना की जानकारी दी इस दौरान कुतेंद्र अहिरवार कृषि विस्तार अधिकारी हटा, मनोज पटेल मधुमक्खी पालक कृषक के अलावा जनपद सदस्य कनई पटेल, गांव के सरपंच एवं सभी किसान भाई उपस्थित रहे। कलेक्टर के इस दौरे ने हटा ब्लॉक में जैविक खेती और नवाचार आधारित कृषि को नई दिशा देने का संकेत दिया है यदि सुझाए गए कदमों पर अमल हुआ, तो आने वाले समय में हटा क्षेत्र में जैविक एवं प्राकृतिक खेती एवं उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने हेतु उन्नत कृषि के मॉडल को भविष्य के हिसाब से और नई नई तकनीकों से जोड़ने की पहल की गई। कलेक्टर के इस दौरे में कु.सत्वी पटेल कक्षा 7 वी द्वारा बनाई गई वाटर कलर पेंटिंग एवं एक्रलिक पेंटिंग देख कर बहुत सराहना की गई वा सत्वी को पेंटिंग स्टैंड प्रदान किया। साथ मे प्राध्वी पटेल क्लास यूकेजी मे पढ़ रही के द्वारा मौखिक शिवतांडव स्त्रोत सुन कर उत्साह वर्धन किया। पूरे कार्यक्रम क्रम मे खेमचंद महेडिया,चोकरया जी, विशाल खिरा, समृद्धि 2 स्वा सहायता समूह की समस्त महिला, भागवत दिन पटेल, राजधार पटेल, सीताराम पटेल सूरज पटेल, बाल कृष्णा पटेल, देवकी पटेल, रवि पटेल, शिवम, संजय, विकेश, कैलाश, एव समस्त ग्रामवासी साथ मे प्राथमिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दमोह प्राकृतिक खेती का उभरता हब- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि दमोह जिला प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। उन्होंने बताया कि युवा किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों को देखने के लिए वे श्री दबे जी के अनुरोध पर उनके फार्म पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जैविक खाद निर्माण, खरबूज-तरबूज की उन्नत खेती, आम के बागान और ग्राफ्टिंग पद्धति से विकसित पौधों को देखा और उन्होने कहा दमोह जिले में अमृत- कृषि का एक खूबसूरत धड़ा देखने को मिला, शुभकामनाएँ इस विरासत के विकास और विस्तार की। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि यह फार्म जैविक खेती का जीवंत दस्तावेज है, यहॉ पर युवा ऊर्जा से बढती उर्वरता और अनुभव से जुडते प्राकृतिक आयाम का बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। उन्होंने विशेष रूप से श्री अहिरवार और युवा किसान की सराहना करते हुए कहा कि दोनों ने मिलकर खेती की दशा और दिशा बदलने का कार्य किया है। ऐसे किसान पूरे जिले के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों को जिस भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी, शासन नियमानुसार हर संभव मदद प्रदान करेगा। उन्होने कहा कि जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में जैविक एवं प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जाएगी। इस संस्थान में प्रतिमाह कम से कम दो प्रशिक्षण कोर्स संचालित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से लगभग 60 किसानों को प्राकृतिक खेती का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के अनुभवी प्राकृतिक किसान, जो स्वयं इस पद्धति पर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, उन्हें भी विशेषज्ञ के रूप में जोड़ा जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि जिले में जिस प्रकार युवा किसान नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ा रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि दमोह में प्राकृतिक खेती का भविष्य उज्ज्वल है।

# राघव दास जी ने बताया अजबधाम का महत्व

## जय-जय सरकार की परंपरा को आगे बढ़ाने का संदेश

### अजब धाम में संतों को भेंट की पंडित रामदास चौबे द्वारा रचित पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



तपोस्थली अजबधाम में छोटे सरकार राम अनुग्रह दास जी के पावन सानिध्य में भव्य संत समागम का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे संत-महापुरुषों, विद्वानों और श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान वैदिक परंपराओं, संत संस्कृति और अजबधाम की आध्यात्मिक महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। समागम को संबोधित करते हुए अयोध्याधाम के पीठाधीश्वर राघव दास जी ने अजबधाम को अत्यंत पवित्र तपोभूमि बताते हुए कहा कि यह वही स्थल है, जहां जय जय सरकार ने कठोर तपस्या कर मानव मात्र को भगवत प्राप्ति और भक्ति के मार्ग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत जय जय सरकार की आध्यात्मिक परंपरा और विचारधारा को आज राम अनुग्रह दास जी पूरी निष्ठा और साधना के साथ आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे अजबधाम निरंतर साधकों के लिए प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है। इस अवसर पर दमोह के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी, पालीटेक्निक कॉलेज के विद्वान रामदास चौबे द्वारा रचित आध्यात्मिक ग्रंथ गूढ़ भागवत कथा की प्रतियां संत-महापुरुषों को भेंट की गईं। पुस्तक भेंट करने का कार्य उनके पुत्र जमना प्रसाद चौबे द्वारा किया गया। पुस्तक प्राप्त कर संतों ने लेखक के प्रयासों की सराहना की और इसे साधना-पथ पर अग्रसर जिज्ञासुओं के लिए उपयोगी बताया। पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राघव दास जी ने कहा कि गूढ़ भागवत कथा भगवान के गहन और सूक्ष्म रहस्यों को उजागर करने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार कोलंबस ने नई दुनिया की खोज की, उसी प्रकार शास्त्रों में छिपे हुए जिन तत्वों को सामान्य दृष्टि नहीं देख पाती, उन्हें सामने लाने वाला ज्ञान 'गूढ़' कहलाता है। यह ग्रंथ शास्त्रीय आधार पर परमात्मा के चिंतन, भक्ति और जीवन-दर्शन को सरल भाषा में प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा कि यह पुस्तक न केवल साधकों के लिए, बल्कि विद्वानों और शोधकर्ताओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। गूढ़ भागवत कथा भक्ति मार्ग को सहज, सरल और व्यवहारिक रूप में समझाने का कार्य करती है, जिससे सामान्य जन भी भगवान की भक्ति से जुड़ सकें। कार्यक्रम के अंत में संतों ने लेखक के दीर्घायु और निरंतर लेखन साधना की कामना की तथा अजबधाम की आध्यात्मिक परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

### ड्रिंक एण्ड ड्राईव मामले में वाहन चालकों पर की कार्यवाही

**दमोह।** श्रुंतकीर्ति सोमवंशीए पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के निर्देशन एवं सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चेकिंग कर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 18.02.2026 को निरीक्षक दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा थाना स्टाफ के साथ मारूताल बायपास चौराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान माल वाहकए भारी वाहनों एवं यात्री वाहनों की सघन चेकिंग के दोरान दस्तावेजों की जांच कर वाहन चालका की ब्रीथ एनालाईजर के माध्यम से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक क्रमांक MP 09 HJ 1106, MP 09 GD 4423 एवं MP 09 HH 9165 के चालक ड्रिंक एण्ड ड्राईव करते हुये पाये जाने पर उपरोक्त ट्रक जप्त किये गये थे। जिनका प्रकरण तैयार कर दिनांक 19.02.2026 को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय द्वारा प्रत्येक ट्रक चालक पर 10-10 हजार रूपये कुल 30,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

# जिला चिकित्सालय दमोह में नई विजिटर पॉलिसी लागू, गेट पास हुआ अनिवार्य



दमोह। जिला चिकित्सालय दमोह में भर्ती मरीजों की सुविधा, सुरक्षा एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नई विजिटर पॉलिसी लागू कर दी गई है। सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने बताया कि अस्पताल परिसर में प्रवेश एवं मरीज के साथ रहने के लिए अब गेटपास अनिवार्य रहेगा। उन्होने बताया भर्ती मरीज के परिजन को गेटपास काउंटर से गुलाबी रंग का पास उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका उपयोग केवल अधिकृत अटेंडर द्वारा किया जा सकेगा। एक समय में एक ही परिजन मरीज के साथ रह सकेगा। दूसरे परिजन के आने पर पहले उपस्थित परिजन को परिसर से बाहर जाना होगा। गंभीर मरीजों के साथ दो परिजन रहने की अनुमति दी गई है। मरीजों से मिलने के लिए आने वाले व्यक्तियों को पीले रंग का पास बनवाना अनिवार्य होगा।मिलने का समय दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक और शाम 06 बजे से 07 बजे तक निर्धारित किया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि आईसीयू यूनिट में बच्चों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मरीज के साथ न रखा जाए और न ही परिजन उन्हें साथ लेकर आएं। परिजनों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना सामान मरीज के बिस्तर के पास न रखें तथा अस्पताल की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अस्पताल कर्मियों का सहयोग करें। बिना पास मरीज के साथ पाए जाने पर 100 रुपये अर्थदंड वसूला जाएगा। यह राशि रोगी कल्याण समिति के खाते में क्यूआर कोड के माध्यम से जमा करनी होगी। ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में नगद भुगतान कर विधिवत रसीद प्राप्त करनी होगी। बिना रसीद भुगतान करने पर संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। धूम्रपान, पान-गुटखा, खाकर अथवा शराब का सेवन कर अस्पताल में प्रवेश करने पर 200 रुपये अर्थदंड बिंदु क्रमांक 12 के अनुसार वसूला जाएगा। किसी भी प्रकार की असुविधा या शिकायत की स्थिति में सहायक अस्पताल प्रबंधक डॉ. सुरेन्द्र विक्रम सिंह – 8770561597, आरएमओ डॉ. चक्रेश अहिरवाल – 7747098035 तथा दमोह हेल्पलाइन नंबर से संपर्क किया जा सकता है।

# आचार्य श्री के द्वितीय समाधि दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन





### आचार्य श्री की दुनिया दीवानी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैन तीर्थ कुण्डलपुर में युगदृष्टा, ब्रह्मांड के देवता, जन जन के संत, महासमाधिधारक,संत शिरोमणि, आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस 18फरवरी 2026 बुधवार को विद्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से क्षु.रत्न डॉ 105 सुनयश्री माताजी,क्षु.श्री सुमनश्री माताजी के मंगल सानिध्य में प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,आचार्य छत्तीसी विधान पूज्य बड़े बाबा काअभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धिकलश, आचार्य श्री के चरणों का अभिषेक किया गया। प्रचारमंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि इस अवसर पर क्षु.रत्न सुनय श्री माताजी ने आचार्य श्री के प्रति विन्यांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से ही बड़े बाबा मंदिर का इतना विशाल कार्य हो सका है। कहते हैं जब भगवान विराजमान हुए आचार्य श्री ने अश्रुधार से बड़े बाबा का पाद प्रक्षालन किया ।बड़े बाबा और छोटे बाबा की जोड़ी अजब निराली जग जाहिर है। बड़े बाबा आदिनाथ जी ने हमें असि, मसि कृषि ,जीवन यापन करने का ज्ञान दिया ।इसी तरह छोटे बाबा जी हमें जीवन जीने की कला सिखा कर समाधि कैसी होती है यह ज्ञान कराया। माताजी ने संस्मरणों के माध्यम से विन्यांजलि देते हुए आचार्य श्री की श्रेष्ठता, प्रेम , वात्सल्यता ,गुरु सेवा ,महानता का सुंदर चित्रण करते हुए कहा पूरी दुनिया उनकी दीवानी है ।आचार्य श्री ही एकमात्र संत है जिन्होंने अपना सबसे कीमती अपना सर्वश्रेष्ठ बड़े बाबा के प्रति समर्पित कर दिया। आचार्य श्री श्रेष्ठ समाधि कर शांत परिणामों से करके गए हैं ।हम सभी की भी ऐसी समाधि हो यही भावना हम सब की है। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ,शांति धारा, रिद्धि कलश करने का सौभाग्य स्व. खेमचंद जैन स्व. बाबूलाल जैन दमोह की स्मृति में, बाहुबली आदिनाथ चडचत कर्नाटक ,किशनलाल प्रदीप प्रशांत हजारीबाग झारखंड, केएल जैन भागचंद जैन मंडी बामोरा, अर्चना दीप जैन भोपाल, गुलाबचंद मानकलाल जैन भोपाल , सविता मुन्नालाल जैन दमोह, राजेंद्र राहुल हेमचंद खिमलासा ,अमित ऋषभ कुमार जैन राहतगढ़ ,सुरेश चंद मालगुजार खिमलासा, नरेंद्र आशीष रांची आदि ने सौभाग्य पाया। सायंकाल श्री भक्तामर दीप अर्चना ,पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई। संयम स्वर्ण कीर्ति स्तंभ पर एक दीप गुरु के समीप अंतर्गत श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर आचार्य भगवन की महाआरती कर गुरु चरणों में श्रद्धा पूर्वक नमन किया।

### रसीलपुर मार्ग पर हटा थाना पुलिस की कार्यवाही

# अवैध शराब से भरी कार पुलिस ने पकड़ी, 10 पेटी देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया एसडीओपी हटा सुश्री प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है इसी श्रृंखला में हटा थाना पुलिस ने बुधवार की रात्रि मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब से भरी ऑल्टो कार पकड़ी, हटा रसीलपुर मार्ग पर पकड़ी गई कार से 10 पेटी देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने दो आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्यवाही के संबंध में थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि बुधवार की दरमियानी रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर शराब से भरी कार को हिकमत अमली से रोका गया तो एक व्यक्ति अंधेरा का फायदा उठाकर चलती गाड़ी से कूदकर खेत तरफ अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। कार चला रहे व्यक्ति से पूछताछ की गई। कार की तलाशी ली गई जो कि कार में पीछे सीट को फोल्ड कर 10 पेटी अवैध शराब रखी हुई थी जिसे पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। जिसमे आरोपी संदीप पिता वेद सिंह राजपूत, निवासी ग्राम सुजान तैलया थाना गैसाबाद से अवैध शराब जप्त की गई। आरोपी से पूछताछ करने पर भागने बाले व्यक्ति का नाम कमलू अहिरवार निवासी रसीलपुर होना बताया दोनो आरोपियों पर आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई। वही आरोपी कमलू अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही जप्त शराब की कीमत करीब 50 हजार,और वाहन की कीमत 1 लाख कुल 1 लाख 50 हजार मशरूका बताई गई है। दोनो आरोपियों को न्यायालय पेश किया जा रहा। इस कार्यवाही में एसआई नरेंद्र तिवारी, एएसआई अरविंद राय, आरक्षक संजय अठया , विजय कुमार, प्रधान आरक्षक कमल,दिनेश कुरेरिया ,संजय,पवन रत्नेश, गोविंद की सराहनीय भूमिका रही।

# सिंग्रामपुर पिपरिया कॉलोनी में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम यज्ञ एवं कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



सिंग्रामपुर की पिपरिया कॉलोनी में गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्रीराम यज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पिपरिया कॉलोनी से निकली विशाल कलश यात्रा के साथ की गई, जिसमें पूरे क्षेत्र का वातावरण "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर कथा व्यास पंडित श्री घनश्याम खमपरिया जी के सानिध्य में श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा। उनके आगमन से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन समिति द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर यज्ञ और कथा कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीली साड़ी धारण कर सिर पर कलश रखकर भाग लिया। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ यात्रा पूरे ग्राम में निकाली गई। महिलाओं की श्रद्धा और अनुशासन ने यात्रा को अत्यंत आकर्षक और दिव्य बना दिया। वहीं बच्चे और पुरुष भी पीले वस्त्र पहनकर यात्रा में शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय दिखाई दिया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने घर-घर से बाहर निकलकर श्रद्धापूर्वक दर्शन किए। आयोजन स्थल पर सुंदर साज-सज्जा के साथ भव्य पंडाल तैयार किया गया है, जहां प्रतिदिन श्रीराम कथा का वाचन होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीराम यज्ञ एवं कथा के माध्यम से ग्राम में धर्म, संस्कार और सद्भावना का संदेश प्रसारित किया जाएगा। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस भव्य आयोजन से पिपरिया कॉलोनी सहित पूरे सिंग्रामपुर क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। ग्रामवासी बड़ी संख्या में कथा श्रवण के लिए उपस्थित हो रहे हैं।